# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in


## प्रेस-नोट
## जनपद भदोही

**दिनांक- 26.06.2025**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने व अपराध की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.06.2025 को **श्री शुभम अग्रवाल**, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वाट, सर्विलांस व थाना सुरियावां की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30.09.2024 को थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सुरियावां बावन बीघा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पर पुजारी सीताराम की हत्या की घटना का सफल अनावरण किया गया है। हत्या की घटना में शामिल अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन सुरियावां के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त आला कत्ल लोहा काटने वाली आरी/ब्लेड व चोरी के 09 अदद छोटा बड़ा घण्टा बरामद किया गया है।

**थाना सुरियांवा: जनपदीय स्वाट, सर्विलांस व थाना सुरियावां की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना सुरियावां क्षेत्र अन्तर्गत 09 माह पहले हुए पुजारी हत्याकाण्ड का सफल अनावरण। हत्या करने का अभियुक्त गिरफ्तार, निशानदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त आला कत्ल लोहा काटने वाली आरी/ब्लेड व चोरी के 09 अदद छोटा बड़ा घण्टा बरामद, मन्दिर में चोरी करने के दौरान पुजारी के देख लेने से अभियुक्त ने अपने साथी के साथ मिलकर दिया था हत्याकाण्ड को अंजाम।**

### गिरफ्तारी का विवरण-

करीब 09 माह पूर्व दिनांक 30.09.2024 को थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सुरियावां बावन बीघा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पर पुजारी सीताराम की हत्या की घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु **श्री अभिमन्यु मांगलिक**, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा स्वाट/सर्विलांस टीम व थाना सुरियावां को निर्देशित किया गया था। परिणाम स्वरुप **श्री शुभम अग्रवाल,** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गठित टीम का नेतृत्व करते हुए सभी संदिग्धो से पूछताछ एवं इस सम्बंध में भौतिक साक्ष्य संकलन व स्थानीय लोगों से पूछताछ की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के पश्चात उक्त हत्याकांड का सफल अनावरण किया गया तथा उनके कुशल निर्देशन में घटना में शामिल अभियुक्त को आज दिनांक 26.06.2025 को पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन सुरियावां के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त आला कत्ल लोहा काटने वाली आरी/ब्लेड व चोरी के 09 अदद छोटा बड़ा घण्टा बरामद किया गया है तथा हत्या की घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

### पूर्व के घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 30.09.2024 को प्रातः सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सुरियावां बावन बीघा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पर विगत 20-25 वर्ष से पूजा-पाठ/मंदिर की देख रेख का कार्य करने वाले पुजारी सीताराम

उम्र करीब 75 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई है। सूचना पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, क्षेत्राधिकारी भदोही व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। श्री मिथिलेश गुप्ता निवासी सुरियावां नगर पंचायत वार्ड नं0 1 द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर तत्समय ही थाना सुरियावां पर मु0अ0सं0-112/2024 धारा-103(1) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत कर मृत्यु के कारण की गहनता से जांच की जा रही थी।

**पूछतांछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 29/30.09.2024 की रात को मैं और मेरे साथी कलेन्दर उर्फ घंटी पुत्र मंजू गौतम निवासी बावन बीघा तालाब थाना सुरियावा जनपद भदोही दोनों लोग मिलकर रात मे गांजा पीकर नशे में होकर पीतल का घण्टा जो मन्दिर के मुख्य गेट पर टंगा हुआ है हम दोनों लोग मिलकर लोहा काटने वाली आरी/ब्लेड से पीतल के घण्टे को काट रहे थे कि आहट पाकर पुजारी सीताराम दास बाबा जग गये और कुछ बोलने लगे कि हम लोग यह जानते थे कि बाबा हम लोगो को पहचनाते है सुबह बता देगें, इसी डर से हम लोगो ने बाबा के सोने वाली कोठरी मे जाकर, जो मन्दिर में ही है बाबा को पकड लिया और कलन्दर उर्फ घंटी ने बाबा का गला दबाकर लोहे काटने वाली आरी /ब्लेड जो मन्दिर का घण्टा काटते समय टूट गया थे के नुकीले छोर के तरफ से उनके गला दबाकर घोंप दिया जिससे बाबा के गर्दन मे घुस गया और खून बहने लगा हम लोग जान गये कि बाबा अब मर जाएंगे उसके बाद चोरी के घण्टे व लोहे काटने वाली आरी/ब्लेड का नुकीला टुकडा एवं बाबा के कमरे का लोटा, बटुयी व दीप जलाने वाला पीतल, को एक जूट की बोरी में रखकर बावन बीघा तालाब के उत्तरी दिशा जहां काफी झाड़ी झंखाड़ व सून-सान है जहां लोगो का आवागमन नहीं है वही छिपा दिये थे।

**बरामदगी का विवरण-**

अभियुक्त के निशांदेही पर बावन बीघा तालाब मन्दिर हनुमान जी के पीछे टीले के पास अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल लोहा काटने वाली आरी/ब्लेड व चोरी के 09 अदद छोटा बड़ा घण्टा

**अनावरण अभियोग का विवरण-**

1.मु0अ0सं0-112/2024 धारा-103(1) बी.एन.एस. थाना सुरियावां जनपद भदोही

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अच्छे गौतम पुत्र राम मूरत गौतम उम्र 24 वर्ष निवासी बावन बीघा तालाब थाना सुरियावा जनपद भदोही

**वांछित अभियुक्त का विवरण-**

कलेन्दर उर्फ घंटी पुत्र मंजू गौतम निवासी बावन बीघा तालाब थाना सुरियावा जनपद भदोही

**अनावरण में शामिल स्वाट व सर्विलांस टीम -**

निरी0 श्याम बहादुर यादव (प्रभारी स्वाट टीम),निरी0 शैलेश राय (प्रभारी सर्विलांस सेल) हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हे0का0 हरिकेश यादव, हे0का0 बृजेश सिंह सूर्यवंशी, हे0का0 नागेंद्र यादव,का0 हिमान्शु सिंह,का0 प्रवेश कुमार, का0 सेराफुल हसन, का0 अहम सिंह,का0प्रत्युश पाठक व का0 सुनील कन्नौजिया का0 चा0 हरिओम यादव स्वाट व सर्विलांस टीम

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

अजीत कुमार श्रीवास्तव थानाध्यक्ष सुरियावां, व0उ0नि0 ऋषिदेव शुक्ला, का0 राहुल यादव,का0 मनोज यादव,का0 छोटेलाल,हे0का0 रजत सिंह थाना सुरियावां जनपद भदोही


पुलिस



